रोडवेज बस और बोलेरो कार में भिड़ंत, तीन महिलाओं सहित चार की मौत

बोलेरो सवार एक व्यक्ति गंभीर घायल, रोडवेज बस के यात्रियों को भी चोटें आईं

डीडवाना/नागौर, (निसं)। डीडवाना-कुचामन जिले के जसवंतगढ़ के पास शनिवार को सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। इस हादसे में रोडवेज की बस और एक बोलेरो कार में जबरदस्त भिड़ंत हो गई, जिसमें चार जनों की मौत हो गई, वहीं चार जने गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतकों में तीन महिलाएं व एक पुरुष शामिल है। हादसा इतना भीषण था कि बोलेरो के परखच्चे उड़ गए और मृतकों के शव उसमें फंस गए। बाद में मौके पर पहुंची पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद मृतकों व घायलों को गाड़ी से बाहर निकालकर लाडनूं के सरकारी अस्पताल पहुंचाया।

जानकारी के अनुसार बोलेरो में सवार सभी लोग एक ही परिवार के थे और सभी चूरू जिले के राजलदेसर और मौमासर के निवासी थे। वे लोग बोलेरो में सवार होकर पुष्कर जा रहे थे। इसी दौरान जसवंतगढ़ के पास लाडनूं से सुजानगढ़ जा रही सीकर डिपो की रोडवेज बस से बोलेरो कार की टक्कर हो गई। बताया जा रहा है कि गौवंश के अचानक सामने आने से दोनों वाहनों में टक्कर हो गई। हादसा इतना भीषण था कि बोलेरो बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। वहीं रोडवेज बस को भी नुकसान पहुंचा। हादसे की सूचना के बाद जसवंगतगढ़ पुलिस मौके पर पहुंची और क्रेन व जेसीबी की मदद से बोलेरो में फंसे लोगों को बाहर निकाला। मृतकों व घायलों को अस्पताल पहुंचाया, लेकिन तेज बारिश के कारण बचाव कार्य में भारी परेशानी उठानी पड़ी। अस्पताल में डॉक्टरों ने तीन महिलाओं व एक पुरुष को मृत घोषित कर दिया, जबकि चार घायलों का अस्पताल में उपचार जारी है। वहीं हादसे के बाद हाईवे पर भारी जाम लग गया, जिसके बाद पुलिस ने क्रेन की सहायता से दोनों वाहनों को सड़क से हटाया, तब जाकर यातायात सुचारू हो सका।

हादसे में बोलेरा कार बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई।

- हादसा इतना भीषण था कि बोलेरो के परखच्चे उड़ गए और मृतकों के शव उसमें फंस गए, कड़ी मशक्कत के बाद शवों को निकाला
- बोलेरो में सवार सभी लोग एक ही परिवार के थे और सभी चूरू जिले के राजलदेसर और मौमासर के निवासी थे जो पुष्कर जा रहे थे

मृतकों में शारदा देवी (50), तुलसी देवी (42), लिछमा देवी (70) और ओमसिंह (बोलेरो चालक) शामिल हैं। रूपा (45), भोजराज (17), मुरली (11) और ममता (15) को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

अलवर में युवक ने 10वीं बार आत्महत्या की कोशिश की

युवक ने ट्रांसफॉर्मर को पकड़ लिया, करंट से झुलसा

अलवर, (निसं)। कहते हैं जाको राखे साईयां मार सके ना कोई जब तक भगवान के घर से बुलावा नहीं आता तब तक कोई कितना ही चाहे उसकी जान चली जाए, लेकिन ऐसा होता नहीं। ऐसा ही एक मामला अलवर में घटित हो चुका है। एक युवक अपनी जीवनलीला समाप्त करना चाहता है। उसने दस बार आत्महत्या के प्रयास किए, लेकिन वह सभी असफल साबित हुए हैं। युवक की इन हरकतों से परिवार वाले काफी परेशान और सदा भयभीत रहते हैं।

अलवर शहर के सैयद खेड़ली गांव में शराब के नशे में युवक ने ट्रांसफॉर्मर को पकड़ लिया। करंट से घायल हो गया। युवक जिला अस्पताल में भर्ती है। घायल की पत्नी ने बताया कि युवक 10 बार सुसाइड अटेम्ट कर चुका है। घायल की पत्नी धनबाई ने बताया कि उसका पति राजू जाटव शराब ज्यादा पीता है। आए दिन मेरे साथ मारपीट करता है। वह खुद बेलदारी कर परिवार चलाती है। राजू नाई का काम करता है। पहले तीन बार फांसी लगाने का प्रयास कर चुका है। एक बार जहर भी खा लिया था। दो-तीन बार एक्सीडेंट होते-होते बचा है। दो बार बिजली के तारों को को पहले भी पकड़ चुका है। तब भी झुलस गया था। धनबाई ने बताया कि अब ट्रांसफॉर्मर पर चढ़ गया। इससे करंट से झुलस गया। परिवार उसकी हरकतों से परेशान हैं, दो बच्चे हैं। पुलिस को शिकायत देने के बावजूद भी कोई समाधान नहीं निकला है।

- घायल की पत्नी ने बताया कि युवक 10 बार सुसाइड अटेम्ट कर चुका है

तीन भर्ती परीक्षाओं की मॉडल आंसर की जारी

अजमेर, (कासं)। राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा असिस्टेंट फिशरीज डेवलपमेंट ऑफिसर ग्रुप इंस्ट्रक्टर, सर्वेयर, असिस्टेंट अप्रेंटिसशिप एडवाइजर, वाइस प्रिंसिपल, सुपरिटेंडेंट आईटीआई भर्ती 2024 परीक्षा की मॉडल आंसर की शनिवार को जारी कर दी।

इन परीक्षाओं का आयोजन 29 से 30 जुलाई 2025 तक किया गया था। विषय परीक्षा से संबंधित अभ्यर्थी इन मॉडल उत्तर कुंजियों पर आपत्ति निर्धारित शुल्क के साथ 25 अगस्त रात्रि 12 बजे तक ऑनलाईन दर्ज करवा सकता है।

आयोग के मुख्य परीक्षा नियंत्रक आशुतोष गुप्ता ने बताया कि आपत्तियां आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध मॉडल प्रश्न पत्र के क्रम अनुसार ही प्रविष्ट करनी होगी। इन परीक्षाओं के मॉडल प्रश्न पत्र आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध है। आपत्ति प्रामाणिक स्टैंडर्ड, ऑथेंटिक पुस्तकों के प्रमाण सहित ऑनलाइन ही प्रविष्ट करनी होगी। वांछित प्रमाण संलग्न नहीं होने की स्थिति में आपत्तियों पर विचार नहीं किया जाएगा, कोई अन्य व्यक्ति आपत्ति दर्ज नहीं करा सकता। उन्होंने बताया कि हर प्रश्न के लिए आपत्ति शुल्क 100 रुपए सेवा शुल्क अतिरिक्त निर्धारित किया गया है। अभ्यर्थी एसएसओ पोर्टल पर लॉगिन कर रिक्रूटमेंट पोर्टल का चयन कर उक्त परीक्षा के लिए उपलब्ध लिंक (क्वेश्चन ऑब्जेक्शन) पर क्लिक कर प्रश्नों पर आपत्तियां दर्ज करानी होगी। आयोग द्वारा शुल्क वापस लौटाने का प्रावधान नहीं है। शुल्क के अभाव में आपत्तियां स्वीकार नहीं की जाएगी।

बीसलपुर बांध के फिर छह गेट खोले, ईसरदा बांध भी भरा

प्रति सैकंड लगभग 60 हजार क्यूसेक पानी बनास नदी में छोड़ा जा रहा है

अजमेर, (कासं)। जल संसाधन विभाग ने शनिवार सुबह बीसलपुर बांध के छह चैनल गेट खोलकर पानी की निकासी की।

जल संसाधन विभाग के एक्सईएन मनीष बंसल ने बताया कि बीसलपुर बांध में लगातार हो रही पानी की आवक के चलते दो गेट एक-एक मीटर तथा 4 गेट दो-दो मीटर खोले गए हैं, जिससे प्रति सैकंड लगभग 60 हजार क्यूसेक पानी बनास नदी में छोड़ा जा रहा है। विशेषज्ञों ने बताया कि बांध इस साल 24 जुलाई को ही ओवरफ्लो हो गया था, तब से 20 दिन में 26 टीएमसी, यानी भराव क्षमता का 70 फीसदी पानी की निकासी की जा चुकी है। यह पानी अजमेर, टोंक और जयपुर के लगभग एक करोड़ निवासियों की दस महीने की पेयजल जरूरत पूरी करने के बराबर है। बीसलपुर का जल टोंक जिले में सिंचाई के लिए भी अहम है। बांध की अधिकतम जलस्तर क्षमता 315.50 मीटर है। लगातार वर्षा ने जलस्तर को सीमा से ऊपर बनाए रखा, जिसके कारण विभाग को गेट खोलने की अवधि बढ़ानी पड़ी।

ईसरदा बांध भी भरा : ईसरदा में लक्षित 253 आरएल भराव स्तर पूरा हो चुका, इसलिए वहां से भी निरंतर बहाव छोड़ा जा रहा है। जल संसाधन विभाग ने कई बस्तियों तथा नदी किनारे कृषि भूमि पर रहने वालों को सतर्क रहने की अपील की है। स्थानीय प्रशासन ने संभावित बाढ़ मार्गों पर निगरानी दल तैनात किए हैं और आवश्यकता पड़ने पर सीमित रिलीफ शिफ्टिंग की योजना तैयार रखी है।

के.के. गुप्ता और परिवार द्वारा रानी सती दादी मंगल पाठ का आयोजन

उदयपुर, (निसं)। उदयपुर संभाग के प्रमुख उद्योगपति और समाजसेवी के. के. गुप्ता और उनके परिवार द्वारा रानी सती दादी मंगल पाठ का आयोजन शनिवार को मरुधर भवन सेक्टर 11 उदयपुर में किया गया। मंगल पाठ का वाचन गोपाल वर्मा ब्यावर द्वारा किया गया। इस अवसर पर हाईकोर्ट जोधपुर के न्यायाधिपति मनोज गर्ग और न्यायाधिपति विनीत माथुर सहित जिला एवं सेशन न्यायाधीश उदयपुर ज्ञान चंद गुप्ता, जिला एवं सेशन न्यायाधीश राजसमंद, महेंद्र सिंह सिसोदिया जिला एवं शासन न्यायाधीश चित्तौड़ भी मंगल पाठ में सम्मिलित हुए और पुण्य लाभ प्राप्त किया।

इस अवसर अतिथियों ने कहा कि गुप्ता और परिवार द्वारा इस मंगल पाठ के आयोजन के लिए बहुत-बहुत साधुवाद देते हैं कि धर्म का संरक्षण और सनातन संस्कृति को जीवित रखने और उसे अन्य सनातन धर्म प्रेमियों में प्रचारित करने का कार्य किया जा रहा है। रानी सती दादी का मंगल पाठ एक धार्मिक अनुष्ठान है, जिसमें भक्त रानी सती दादी के जीवन और उनके सतीत्व की कहानी का पाठ करते हैं। यह पाठ विशेष रूप से भक्तों द्वारा सुख, समृद्धि और उनकी कृपा प्राप्त करने के लिए किया जाता है। कार्यक्रम में उदयपुर शहर के सैकड़ों गणमान्य नागरिक सहित अग्रवाल समाज के प्रमुख लोगों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। डूंगरपुर चेंबर ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारी प्रभुलाल पटेल, चिराग व्यास, पंकज नवकार, राजेश डेंडू, मुकेश श्रीमाल, गोपाल मराठा, प्रवीण श्रीमाल, निलेश पंचाल, अमित टेलर सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। इससे पूर्व दोनों न्यायाधिपति गर्ग और माथुर ने उदयपुर में विराजित राष्ट्रीय संत पुलक सागर महाराज का आशीर्वाद लिया।

उदयपुर में विराजित राष्ट्रीय संत पुलक सागर महाराज का के. के. गुप्ता ने आशीर्वाद लिया।

जेवर चोरी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

उदयपुर, (निसं)। सोने-चांदी की दुकान से जेवर चोरी करने के मामले में दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। प्रकरण के अनुसार राजेश पंचाल निवासी वाकला आम्बा कल्याणपुर ने रिपोर्ट दी। उसने बताया कि 13 अगस्त सवेरे बस स्टेण्ड वाकला आम्बा स्थित दुकान पर आया तो पिछे का दरवाजा खुला हुआ था एवं शटर कटा हुआ था। तलाशी करने पर डेढ़ तोले चांदी की मूर्तियां तीन, चांदी के ढोथेले सात, स्केप तथा दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे चुरा ले गए। इस मामले में प्रकरण दर्ज होने पर जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंजना सुखवाल, पुलिस उप अधीक्षक राजीव राहर के सुपरविजन में कल्याणपुर थानाधिकारी राजेश कुमार के नेतृत्व में गठित दल ने कार्यवाही करते हुए पप्पु उर्फ पपला पुत्र बाबरू निवासी आडावेला लसाडिया सलूम्बर तथा कमलेश पुत्र मन्ना निवासी राजपुरा सलूम्बर को गिरफ्तार किया।

बांसवाड़ा क्षेत्रीय वन अधिकारी व वनपाल बीस हजार की रिश्वत लेते गिरफ्तार

उदयपुर, (निसं)। एसीबी बांसवाड़ा की टीम ने बीस हजार रूपये की रिश्वत लेते बांसवाड़ा क्षैत्रीय वन अधिकारी एवं वनपाल को रंगे हाथों गिरफ्तार किया।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस स्मिता श्रीवास्तव ने बताया कि एसीबी बांसवाड़ा को शिकायत मिली कि परिवादी की फर्म द्वारा वन रेंज में नर्सरी सुधारीणकरण व अन्य मरम्मत कार्यों के बील पास करने के लिए उक्त बिलों का 15 प्रतिशत कमीशन राशि 80 हजार रूपये की मांग कर परेशान किया जा रहा था। जिस पर 22 अगस्त को रिश्वत राशि मांग का सत्यापन कराया गया। जिसमें आरोपी लाडजी गरासिया वनपाल ने परिवादी से बिलों का भुगतान करने के एवज में अग्रिम 20 हजार रूपये आरोपी शांतिलाल चावला क्षैत्रीय वन अधिकारी प्रथम के लिए लेने हेते सहमत हुआ। जिस पर एसीबी उदयपुर रेंज के उप महानिरीक्षक प्रहलादसिंह कृष्णिया के सुपवरविजन में एसीबी बांसवाड़ा के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ऋषिकेश के नेतृत्व में गठित दल ने ट्रेक कार्यवाही कर लाडजी गरासिया वनपाल को 20 हजार रूपये रिश्वत लेते गिरफ्तार किया तथा शांतिलाल चावला क्षैत्रीय वन अधिकारी प्रथम की भी उक्त रिश्वत लेने देन मामले में संलिप्तता होने से उसे भी गिरफ्तार किया। ब्यूरो की टीम क्षैत्रीय वन अधिकारी शांतिलाल चावला के हिरणमगरी सेक्टर 14 स्थित निवास व वन रेंज डूंगरा के परिसार में स्थित निवास एवं लाडजी गरासिया के वन रेंज डूंगरा के परिसर में स्थित निवास की तलशी की जा रही है।

- पुत्र के विरूद्ध दर्ज प्रकरण में मदद करने की एवज में रिश्वत मांगी

सहायक उपनिरीक्षक रिश्वत लेते गिरफ्तार

उदयपुर, (निसं)। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो चित्तौड़गढ़ की टीम ने पुलिस थाना चन्देरिया जिला चित्तौड़गढ़ के एसआई सुभाषचन्द्र यादव को 9 हजार रूपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस स्मिता श्रीवास्तव ने बताया कि एसीबी चित्तौड़गढ़ को एक शिकायत मिली कि पुलिस थाना चन्देरिया के सहायक उप निरीक्षक सुभाषचन्द्र यादव द्वारा परिवादी के पुत्र के विरूद्ध दर्ज प्रकरण में मदद करने की एवज में 9 हजार रूपये रिश्वत की मांग कर परेशान किया जा रहा है। इस पर एसीबी रेंज उदयपुर के उप महानिरीक्षक पुलिस प्रहलादसिंह कृष्णिया के सुपरविजन में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो चित्तौड़गढ़ के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रमसिंह के नेतृत्व में गठित दल ने ट्रेप कार्यवाही करते हुए आरोपीर सुभाषचन्द्र यादव हॉल सहायक उप निरीक्षक पुलिस थाना चन्देरिया को नौ हजार रूपये रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया।

आवेदन में संशोधन का अवसर

अजमेर, (कासं)। राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग हेतु विज्ञापित की गई सहायक सांख्यिकी अधिकारी पदों की परीक्षाओं में अभ्यर्थी का नाम, पिता का नाम, फोटो, जन्म तिथि व जेंडर के अतिरिक्त अन्य संशोधन ऑनलाइन करने का अवसर दिया गया है। ऑनलाइन संशोधन 25 से 31 अगस्त तक किए जा सकेंगे। इस संबंध में विस्तृत सूचना आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध है। आयोग सचिव ने बताया कि उक्त परीक्षा का आयोजन 12 अक्टूबर 2025 को निधारित कार्यक्रमानुसार किया जाना प्रस्तावित है।

दुकान से सोना लेकर फरार हुये दो जने गिरफ्तार

कोटपूतली, (निसं)। स्थानीय थाना पुलिस ने एक सुनार की दुकान से 50 ग्राम सोना लेकर फरार होने के प्रकरण में दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर सोना बरामद किया है।

एसएचओ राजेश शर्मा ने बताया कि गत 16 अगस्त को कस्बे के सराय मौहल्ला निवासी मुकेश सोनी ने दर्ज करवाया था कि उसकी सोनी मार्केट में स्वर्णकार की दुकान है। साथ ही पन्नालाल उर्फ पवन पुत्र मदनदास घडसी का बाड़ा वाले ने भी सोनी मार्केट में ही सुनार की दुकान कर रखी हैं। जिस पर कुछ दिनों पूर्व सुनील सिंघाना वाले को काम पर रखा था। उक्त कारीगर सुनील सिंघाना वाले से परिवादी मुकेश सोनी कई बार अपना काम भी करवाता था। कई बार कारीगर सुनील पीड़ित मुकेश की दुकान से सोना ले जाकर काम करके वापस दे जाया करता था। गत 6 अगस्त को पीड़ित मुकेश ने कारीगर सुनील को फोन करके सोने का काम करने के लिये बुलाया। जिसके बाद वह करीब 50 ग्राम सोना लेकर अपनी दुकान पर काम करने के लिये चला गया। लगभग दो घण्टे बीत जाने के बाद भी कारीगर सुनील सोने का काम करके वापस नहीं लौटा तो पीड़ित ने उसके मोबाइल पर फोन किया जो कि बंद आ रहा था।

इस पर दुकान मालिक पन्नालाल उर्फ पवन को फोन किया तो उसने कहा कि मुझे नहीं पता कि सुनील कहां गया, मैं अभी बाहर आया हूं एवं फोन काट दिया। इस पर कार्यवाही करते हुये स्थानीय थाना पुलिस ने सोना लेकर फरार हुये मुख्य अभियुक्त सुनील उर्फ श्याम (22) पुत्र मनोहर लाल भाट निवासी सांवलता कला, थाना रोहट (पाली) व उसके सहयोगी लक्ष्मण दास उर्फ कालू दास (33) पुत्र सज्जन दास वैष्णव निवासी अरटिया, थाना रोहट (पाली) को गिरफ्तार कर उनके पास से चोरी किया गया 50 ग्राम सोना बरामद कर लिया।

कोटपूतली पुलिस ने सोना लेकर फरार होने के प्रकरण में दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।

विवाहिता की मौत पर निजी अस्पताल में परिजनों का हंगामा, पुलिस से धक्का-मुक्की भी हुई

अजमेर, (कासं)। अजमेर के पुष्कर रोड स्थित एक निजी अस्पताल में विवाहिता की मौत होने पर परिजनों ने हंगामा खड़ा कर दिया। परिवार के लोगों का आरोप है कि ऑपरेशन से पहले महिला बिल्कुल सही थी, बातचीत कर रही थी। ऑपरेशन के बाद गलत इलाज और मेडिसिन के कारण उसकी मौत हो गई। मौत की खबर से अस्पताल पहुंचे परिजन व रिश्तेदारों ने अस्पताल में घुसने की कोशिश की। वहीं मौके पर तैनात पुलिस ने उन्हें अंदर घुसने से रोका जिससे पुलिस परिजन के बीच धक्का-मुक्की हो गई। मौके पर पहुंचे पुलिस के आला अधिकारियों की समझाइश के बाद मामला शांत हुआ और परिजन मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम के लिए तैयार हुए। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

पुष्कर रोड स्थित निजी हॉस्पिटल में 23 वर्षीया नीतू कंवर की उपचार के दौरान मौत हो गई। सूचना मिलते ही पीहर व ससुराल पक्ष के लोग शनिवार तड़के अस्पताल पहुंच गए और डॉक्टरों पर गलत इंजेक्शन लगाने व बीपी कम रहने पर भी ऑपरेशन करने का आरोप लगाया। मृतका के परिजन 50 लाख रुपए मुआवजे, संबंधित चिकित्सकों का लाइसेंस रद्द करने तथा अस्पताल को बंद करने की मांग पर धरने पर बैठ गए। हंगामे की सूचना पर सीओ दक्षिण रुद्रप्रकाश शर्मा के साथ सिविल लाइंस, हरिभाऊ उपाध्याय नगर, क्रिश्चियन गंज और गंज के चार थानों के प्रभारी सहित अतिरिक्त जाब्ता मौके पर पहुंचा। पुलिस ने सुरक्षा कारणों से हॉस्पिटल के मुख्य प्रवेश द्वार को बंद किया, मगर आक्रोशित परिजन जबरन भीतर घुसने की कोशिश करते रहे। इस दौरान धक्का-मुक्की भी हुई और कुछ मिनटों तक अफरा-तफरी का माहौल बन गया। एएसपी सिटी हिमांशु जांगिड़ ने मौके पर पहुंच कर हस्तक्षेप करना पड़ा। उन्होंने परिजनों को आश्वस्त किया कि शिकायत मिलने पर नियमानुसार प्रकरण दर्ज कर जांच कराई जाएगी। पुलिस की समझाइश के बाद शव एम्बुलेंस से जेएलएन मेडिकल अस्पताल की मोर्चरी भेजा गया, जहां तीन सदस्यीय मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम कराया जाएगा।

फागी निवासी मृतका के भाई गिरधर सिंह ने बताया कि नीतू की शादी तीन वर्ष पहले थांवला (परबतसर) निवासी रामसिंह राठौड़ से हुई थी तथा उसकी दो वर्ष की पुत्री भी है। 20 अगस्त को जांघ में गांठ के उपचार के लिए नीतू को हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। डॉक्टरों ने दो दिन इंजेक्शन से इलाज का भरोसा दिया, लेकिन 22 अगस्त की रात 9 बजे अचानक ऑपरेशन की बात कही, जिससे उसका बीपी लो हो गया। बावजूद इसके ओटी में ले जाकर ऑपरेशन कर दिया। सुबह चार बजे हमें कार्डियक अरेस्ट बताकर मौत की सूचना दी गई। मृतका की जेठानी मीना कंवर ने कहा कि ऑपरेशन थिएटर में डॉक्टरों के बीच विवाद हुआ और गलत इंजेक्शन से नीतू की जान चली गई।

महावीर शर्मा, थाना प्रभारी हरिभाऊ उपाध्याय नगर का कहना है कि मृतका के परिजन की शिकायत मिलने पर नियमानुसार कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। मुकदमा दर्ज के बाद मृतका से संबंधित इलाज का रिकॉर्ड लिया जाएगा। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्थिति स्पष्ट होगी। अस्पताल के बाहर देर शाम तक पुलिस तैनाती रही, फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है।

महिला की मौत के बाद अस्पताल के बाहर जुटे परिजन व पुलिस-परिजन के बीच धक्का-मुक्की हो गई।

- परिजन का आरोप है कि बीपी लो में महिला का ऑपरेशन किया, गलत इंजेक्शन लगाया

शराब के नशे में पीट-पीटकर दोस्त की हत्या, आरोपी गिरफ्तार

विवाद होने पर सिर दीवार पर दे मारा था, वारदात के बाद दोस्त फरार हो गया था

बीकानेर, (निसं)। रामपुरा बाइपास क्षेत्र में शराब के नशे में दो युवक आपस में झगड़ पड़े। इस दौरान एक ने दूसरे को इतना पीटा कि उसकी मौत हो गई। शव को वहीं छोड़कर शराबी दोस्त फरार हो गया। हालांकि पुलिस ने अब गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ में स्पष्ट हुआ है कि दोनों शराब के नशे में धुत्त थे।

सीओ सिटी श्रवणदास संत ने बताया कि रामपुरा बाइपास पर दो दोस्त सर्वोदय बस्ती निवासी चांदरतन नायक और सुनील नायक रंगरोगन का काम करते थे। दोनों ने ठेकेदार से एक हजार रुपए एडवांस लिए। फिर महादेव नगर स्थित सुनील के घर में शराब पीने पहुंच गए। नॉन वेज के साथ दोनों ने शराब पार्टी की। देर रात दोनों के बीच विवाद हो गया। शराब के नशे में दोनों झगड़ने लगे। इस दौरान सुनील ने चांदरतन से मारपीट की। उसका सिर पानी के कुंड की दीवार से मार दी, जिससे सिर पर गहरी चोट लगी और चांदरतन की वहीं मौत हो गई। सुबह वारदात का पता चलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। शव को पीबीएम अस्पताल की मॉर्च्युरी में रखवाया, जहां पोस्टमॉर्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया। चांदरतन के बेटे सन्नी की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया। उधर, पुलिस ने शुक्रवार को ही सुनील को हिरासत में ले लिया। पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया है।